दिनांक 27.10.2024 समय: 2.10PM

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट को लेकर चिंता प्रकट की है। आज सुबह आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कानूनन किसी को भी डिजिटली अरेस्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे फर्जी कॉल आने पर भयभीत न हों। श्री मोदी ने स्पष्ट किया कि जांच एजेंसिया कभी भी फोन या वीडियो के जरिये पूछताछ नहीं करतीं। प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों की चर्चा की। ये उपाय हैं-रुको, सोचो और करो। उन्होंने ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर लोगों को शांत रहने और अपनी व्यक्तिगत सूचना किसी से भी साझा न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संभव होने पर ऐसे क्षण का स्क्रीनशॉट लेना चाहिए और बातचीत को रिकार्ड करना चाहिए।

कल विश्व एनिमेशन दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एनिमेशन की दुनिया में नई क्रांति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारत को एनिमेशन की दुनिया की वैश्विक शक्ति बनाने का संकल्प लें। प्रधानमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान देश की सामूहिक चेतना का अंग बन गया है। उन्होंने कहा कि पहले, भारत रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा खरीददार था लेकिन अब वह 85 देशों को निर्यात कर रहा है। प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से नवाचार और आत्मनिर्भर भारत संबंधी उदाहरण सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। उन्होंने त्योहारों के इस मौसम

में ख़रीदारी करते समय वोकल फॉर लोकल के मंत्र को ध्यान में रखने की अपील की।

मुख्यमंत्री-मन की बात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सतना के सरस्वती विद्यापीठ में कार्यकर्ताओं के साथ सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम सदैव हमें जन सेवा के पथ पर चलने की प्रेरणा और नई ऊर्जा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री आज सतना के दौरे पर है। उन्होंने सरस्वती विद्यापीठ उतैली, में 35वें राष्ट्रीय खेलकूद समारोह का शुभारंभ किया। शाम को मुख्यमंत्री इंदौर में भिलाला समाज प्रांतीय सम्मेलन में शामिल होग साथ ही सोशल मीडिया के कॉन्क्लेव में भी हिस्सा लेंगे।

धन्वंतरि जयंती

आयुष विभाग इस वर्ष भी धन्वंतरि जयंती धनतेरस के शुभ दिवस को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाएगा। इस वर्ष 29 अक्टूबर को आयोजित राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की थीम वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार रखी गई है। बालाघाट से हमारे संवाददाता ने जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी के हवाले से बताया है कि राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के पूर्व विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में महिला एवं बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां, चिकित्सा शिविरों का आयोजन, आयुर्वेद नवाचार एवं उद्यमिता, आयुर्वेद और योग के माध्यम से कार्य स्थल पर तनाव प्रबंधन के बारे में बताया जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

1- 29 अक्टूबर आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के तीन मेडिकल कॉलेज का वर्चुअली लोकार्पण करेंगे।

इनमें मंदसौर का सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज भी शामिल है।

2- खजुराहो में आज से इंडिगो एयरलाइंस की सेवा प्रारंभ हो गई है जो दिल्ली से खजुराहो तथा खजुराहो से बनारस और फिर बनारस से वापस खजुराहो तथा कुछ देर खजुराहो में रुकने के बाद उक्त फ्लाइट दिल्ली के लिए रवाना होगी।

3- कन्याकुमारी से मजदूरी कर दीपावली मानने गांव लौट रहे मजदूर आज हादसे का शिकार हो गए। बैतूल-सारणी स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से उसमें सवार दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए।

4. खंडवा के एमजीएम स्कूल में "स्वच्छ दिवाली, शुभ दिवाली" अभियान के तहत एक विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।